FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

नाम अदालत जिला कलक्टर, अलवर **मुकाम** अलवर

उनवान मै0 कृष्णा कैरियर्स **बनाम** अध्यक्ष, जिला उपापन समिति पदेन जिला रसद अधिकारी, अलवर वगै0

किस्म मुकदमा अपील Rajasthan Transparency in Public Procurement Act 2012

दायर नम्बर **12/184/2022** दा0दि0 **14.12.2022**

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.12.2022	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट उपस्थित। वकील अपीलांट द्वारा अपील प्रा0पत्र पेश कर विरूद्ध अधीनस्थ न्यायालय के निविदा जारी आदेश सं0 (6002_अलवर) 2022_RSFCS_30339_1 दिनांक 07.12.2022, जिसके द्वारा विधि विरूद्ध तरीके से अपीलांट की ऑनलाईन निविदा को बिना किसी युक्तियुक्त कारणों के तकनीकी आधार पर निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड फर्म मै0 भरतलाल शिवसहाय एण्ड सन्स दागरवाड़ा, राजगढ़ जिला अलवर को निविदा प्रदान की गई। अतः अपील अपीलांट स्वीकार फरमायी जाकर उक्त निविदा आदेश को अपास्त फरमाया जावें। अपील दर्ज रजिस्टर की जावें। हमने अपील पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। प्रथमदृष्ट्या वकील अपीलांट द्वारा पत्रावली में निविदा से संबंधित किसी आदेश की प्रमाणित प्रति पेश ना कर मात्र कार्यालय टिप्पणी की प्रति के आधार पर अपील पेश की गयी है। जो निविदा जारी करने का कोई पूर्ण आदेश नहीं है। जिसके आधार पर उक्त अपील को सुंनने का कोई आधार प्रतीत नहीं होता है। उपरोक्त विवेचन के आधार अपील अपीलांट सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली बाद तकमील दफ्तर दाखिल हो। **जिला कलक्टर** **अलवर**	